हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 6 मार्च 2024
[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

06 जीप में सवार राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं समर्थकों ...



07 ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत विद्यासागर जी महाराज ...



## खबर संक्षेप में

### पिंक ड्रायविंग लायसेंस के लिए शिविर आयोजित

**आगर-मालवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सुसनेर द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ब्लाक सुसनेर के शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में सोमवार को महाविद्यालय की बालिकाओं के पिंक ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उक्त शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर नेहा मधुरिया, शासकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ महेश बंसिया, क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर श्वेता भल्ला, अजय प्रतापसिंह, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर एकता दुबे, सहायक प्राध्यापक हर्ष राठौर, गंगाराम खन्ना, कालूसिंह चौहान सहित समस्त स्टाफ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण कुमरावत, बिना दांगी आदि उपस्थित रही। शिविर में बालिकाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु आवेदन एवं दस्तावेज प्राप्त किए गए।

### दो दिव्यांगों को प्रदान की गईं ट्रायसिकल

**आगर-मालवा।** जिला मुख्यालय पर आयोजित जनससुनवाई में एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांग आवेदक देवबाई को मोटराईज्ड ट्रायसिकल एवं नीरज को



ट्रायसिकल प्रदान कर उनकी एक स्थान से दूसरे स्थान आने-जाने एवं अन्य दैनिक समस्याओं का हाथो-हाथ निराकरण अधिकारियों द्वारा किया गया।

### परिषद ने कॉलेज के गेट पर डाला ताला

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापिका सुधा चाकरे द्वारा काफ़ी समय से की जा रही अनियमिताओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर नारेबाज़ी कर प्रदर्शन किया गया। वही 3 घंटे बाद महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया व प्राचार्य द्वारा कहा गया कि इस अनियमिताओं को लेकर महाविद्यालय प्रशासन सख़्ती से कार्य करेगा एवं छात्र-छात्राओं से अभद्रता करने वाले प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान परिषद के सुसनेर नलखेड़ा भाग संयोजक एवं नलखेड़ा नगर मंत्री हुसैन दरबार, राष्ट्रीय कला मंच ज़िला प्रमुख मनीष चौबे,प्रांत कार्यकारणी सदस्य अभी गुर्जर, नगर सह मंत्री आशुतोष सोनी आदि मौजूद रहे।

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर सिंह ने दिए निर्देश

# अधिकारी ऐसी कार्ययोजना बनाएं कि जिले में कोई भी पेयजल से परेशान न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

ग्रीष्मकाल में जिले के किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या का सामना रहवासियों को नहीं करना पड़े, पेयजल की आपूर्ति निरन्तर बनी रहे, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर जनपद स्तर पर बैठक कर लें, यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई, सीईओ जनपद एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन बसाहटों में पिछले वर्षां में पेयजल समस्या उत्पन्न हुई है, उन्हें चिन्हित कर सूचीबद्ध करें, ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में खराब हैण्डपम्प को बिना देरी के सुधारा जाए, इसके लिए तकनीशियन की व्यवस्था रखे, जल स्तर गिर जाने पर हैण्डपम्प बंद होने की स्थिति में रायजर पाईप की व्यवस्था रखी जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना भी सुचारू रहें, अधिकारी जांच कर ले, किसी वजह से नल जल योजना बंद हो तो तुरन्त चालू करवाये। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में साप्ताहिक बैठक के माध्यम पेयजल संबंधी जानकारी लें तथा पेयजल समस्या की जानकारी संज्ञान में आने पर संबंधित विभागों के माध्यम से व्यवस्था करवाएं।



### जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक स्तर की खाद्यान्न सामग्री मिले

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक स्तर की खाद्यान्न सामग्री मिलें, इसके लिए मिलावटी एवं अमानक खाद्य सामग्री के विरूद्ध सतत अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों से राशन का समय पर वितरण करवाने, हितग्राहियों के आधार केवायसी एवं मोबाईल नम्बर सीडिंग का कार्य पूर्ण करने तथा खाद्यान्न दुकानों



का मोबाईल एप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गौ-शाला संचालन की समीक्षा कर निर्देश दिए कि गौशालाओं में गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पूर्ण गौशालाओं का संचालन प्रारंभ करवाया जाए।

### निर्धारित समय में शिकायतों का निराकरण करें

कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित पत्र, जनसुनवाई के आवेदन एवं सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की, उन्होंने निर्देश दिए की सभी विभाग प्रमुख वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त होने वाले पत्रों का जवाब समय पर भेजें, प्रति मंगलवार को जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण निर्धारित की गई समयावधि में करें तथा सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतो में संबंधित शिकायतकर्ता से बात कर समाधानकारी निराकरण करना सुनिश्चित करें। सीईओ जिला पंचायत कौर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा आतिथ्य सुविधाओं मे स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग के लिए जिले के ग्राम निपानिया बैजनाथ एवं भानपुरा का चयन किया गया है। इन गावों में स्वच्छता के तहत स्कूल, आंगनवाड़ी, शासकीय कार्यालय की सफाई, शौचालय, स्वच्छ पानी, सोलिड वेस्ट मेनेजमेन्ट के आधार पर रैकिंग होगी। इन गांवों में विभाग प्रमुख स्वच्छता पर विशेष ध्यान देकर कार्य करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रितकौर ,एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सत्येन्द्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# जब-जब अधर्म बढ़ता है भगवान अवतार लेते हैं

### सिद्धेश्वर महादेव का हनुमान स्वरूप में आकर्षक श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

नेवरी गाता स्थित अति प्राचीन श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शिव नवरात्रि के अंतर्गत श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन चल रहा है। कथा वाचक पं. ओम प्रकाश चतुर्वेदी दमदम वाले द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। कथा पंडाल श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नंद के घर आनंद भयो जय हो, नंदलाल की जयकारों से परिसर को कृष्णमय बना दिया। कथा व्यास से पं. चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान अवतार कब लेते हैं जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है धर्म का खंडन होता है, तब तब



भगवान शगुन रूप अवतार धारण करते हैं और भगवान अवतार धारण करके भक्तों के दुखों को हरते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे कथा विश्राम पर आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया ।

### अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों पर अवांछित गतिविधियों की रोकथाम हेतु वर्चुअली बैठक आयोजित

**आगर-मालवा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों पर अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के संबंध में सीमावर्ती क्षेत्र आगर-झालावाड़ के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के बीच मंगलवार को वर्चुअली बैठक हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को पूर्ण स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं निर्भीकता के साथ सम्पन्न कराने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों पर अवांछित गतिविधियां रोकने, सीमाओं पर मतदान अवधि के दौरान आपराधिक तत्वों के आवागमन की रोकथाम, अवैध मदिरा व अवैध सामग्री के विक्रय पर रोक लगाना तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मदिरा, हथियारों एवं अन्य अवैध सामग्रियों के उत्पादन, संग्रहण एवं विक्रय पर पैनी नजर रखनी होगी और उसकी रोकथाम के लिए कार्यवाही करनी होगी।

# बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा नवीन परिसर में हुआ स्थानांतरित

**कानड़।**आगर रोड स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा अपने पूराने कार्यस्थल से सोमवार को आगर रोड स्थित नवीन भवन परिसर में शिफ्ट हो गई।यहां अब उपभोक्ताओं को सर्व सुविधाओ का लाभ मिलने लगेगा यहां उपभोक्ताओं को सुविधाएं देने के लिए उचित व्यवस्था की गई है आज सोमवार को उक्त शाखा नवीन भवन में विधि-विधान पूर्वक स्थानांतरित की गई इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ जनों एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में कृषक एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पूजन पाठ के उपरांत बैंकिंग कार्य शुरू किया गया। बैंक प्रबंधक अंकित तोमर,आगर जिले के एलडीएम दिलीप सिंह,आगर शाखा प्रबंधक राजेंद्र कुशवाह,छावनी शाखा के प्रबंधक देवेंद्र पाटीदार के मुख्य अतिथि एवं नगर के वरिष्ठ जन एवं कृषकों की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम के साथ नवीन सर्व सुविधायुक्त भवन में बैंक स्थानांतरित की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्गाप्रसाद पालीवाल,पूर्व मंडी अध्यक्ष राजमल सोनी भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश परिहार,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी आदि उपस्थित थे।



### नई जगह बैंक से नगर वासियों को नई उम्मीदें

नगर की बैंक ऑफ इंडिया के नवीन कार्यस्थल पर शिफ्ट होने के बाद नगर वासियों को भी बैंक से नई उम्मीद जगने लगी है नगर वासियों को उम्मीद है की नई जगह बैंक स्थानांतरित होने के बाद आम आदमी को भी बैंकिंग सुविधा लेने में आसानी होगी और जो अभी तक आम लोगों को पैसे के लेनदेन या कोई और बैंकिंग कार्य करने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता था वह वह कार्य अब समय पर हो सकेंगे।ब्रांच मेनेजर तोमर ने बताया कि अब नई ब्रांच पुरानी ब्रांच से ज्यादा बड़ी है और शाखा में आने वाले ग्राहकों के लिए एयर कंडीशनर भी लगाए गए हैं जिससे खाता धारकों को बैंक में आने के दौरान राहत भी मिलेगी। हमारी कोशिश रहेगी हम हर ग्राहक का काम समय पर हो ताकी उन्हें किसी असुविधा का सामना ना करना पड़े।

# गेहूं की फसल जलकर नष्ट, जनसुनवाई में पहुंचा किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए 62 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये। सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर एवं अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त करते हुए निराकरण योग्य आवेदनों का अधिकारियों से मौके पर ही निराकरण करवाया तथा शेष आवेदन निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए। डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



जनसुनवाई में सुईगांव निवासी कृषक मोहनसिंह ने विद्युत लाईन फाल्ट हो जाने से गेहूं की फसल जलकर नष्ट होने पर क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि 01 मार्च को विद्युत लाईन फाल्ट हो जाने से खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई है, जिसमें लगभग 40 हजार रुपए से अधिक की आर्थिक हानि हुई है। संबंधित से क्षतिपूर्ति करवाई जाए।

ग्राम पुरा उर्फ साहब नगर निवासी कृषक रामचन्द्र ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि नहीं मिलने पर आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि पूर्व में किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा था, अब राशि मिलना बंद हो गई है, जांच कर शेष किश्तों का भुगतान करवाया जाए।

नलखेड़ा निवासी अमरसिंह ने दिव्यांग होने पर ट्रायसिकल प्रदान करवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि गंभीर बीमारी के कारण एक पैर कट जाने पर स्थायी दिव्यांगता हो गई है, जिसके कारण चलने-फिरने सहित अन्य परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासन की योजना में ट्रायसिकल प्रदान करवाई जाए। ग्राम सुनारिया के बनालाल ने घुटने के उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि सड़क दुर्घटना की वजह से पैर का घुटना टूट गया है, जिसका समुचित उपचार करवाने के लिए पैसे नहीं होने से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कानड़ निवासी बाबूलाल ने एनपीएस की राशि एवं पेंशन चालू करवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि वह शासकीय छात्रावास कानड़ से चौकीदार के पद से 30 जुलाई 2022 को सेवानिवृत्त हुआ है, सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली एनपीएस की राशि का भुगतान विभाग द्वारा अब तक नहीं किया गया है, साथ ही पेंशन भी चालू नहीं की है, जिससे परिवार के भरण-पोषण में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद भी कार्य नहीं किया जा रहा है।

### अविवादित नामांतरण, बंटवारा सीमांकन के लम्बित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें



**आगर-मालवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढ़ोके, एसडीएम आगर सत्येन्द्र बैरवा, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रीति चौहान, तहसीलदार,नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण, बंटवारा सीमांकन के लम्बित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें। सभी राजस्व अधिकारी अपने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करना सुनिश्चित करें। अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का भी निराकरण बिना देरी के किया जाए। नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करवाकर उनका निराकरण किया जाए। पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाए।

# कृषि उपज मंडी में हुई चोरी के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय कृषि उपज मंडी में व्यापारियों के गोदामों से विभिन्न जिंसों की चोरी होना आम बात हो गई है। इसी प्रकार की एक चोरी की वारदात गत 28 फरवरी को हुई थी जिसमे मंडी के एक व्यापारी के गोदाम से अज्ञात चोर मसूर की चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने न्यायालय से आरोपियों की एक दिन की पुलिस रिमांड भी ली है ताकि अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा सके।

स्थानीय पुलिस थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने इस बारे में बताया कि कृषि उपज मंडी में गत 28 फरवरी को एक व्यापारी के गोदाम से मसूर की चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर माल की जब्ती की है।

उन्होंने बताया कि आरोपी पप्पू उर्फ केसर पिता कालू नट निवासी करवाखेड़ी एवं बाबूलाल पिता




तोलाराम गुर्जर निवासी करवाखेड़ी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

गौरतलब है कि स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में व्यापारियों के गोदाम बने हुए हैं जहाँ आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। जिसके चलते व्यापारियों मैं आक्रोश व्याप्त होकर कर उनके द्वारा इस संबंध में पुलिस थाने पर भी आवेदन दिए गए थे।

## राजगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी का किया स्वागत


# मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाने जुट जाएं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी विकास और जन कल्याण की गारंटी है, हमारा संकल्प है, भारत विकसित भारत बने। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से वंचितों और गरीबों को शासन की विभिन्न योजना का लाभ मिल रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर गांव-गांव पहुंचे तथा योजना से वंचित लोगों को भी इसका लाभ दिलवाएं। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करवाये।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद रोडमल नागर को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। प्रत्याशी बनने पर सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा राजगढ़ पहुंचकर श्री नागर का स्वागत किया गया। जहां श्री नागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।





सोमवार को भाजपा आगर जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर के नेतृत्व में सुसनेर विधानसभा के भाजपा नेता व कार्यकर्ता राजगढ़ पहुंचे जहाँ सभी के द्वारा वर्तमान सांसद व आगामी चुनाव में राजगढ़ लोकसभा से पार्टी के उम्मीदवार रोडमल नागर का स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।

इस मौके पर सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

श्री नागर ने सभी कार्यकर्ताओं से मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए चुनावी कार्य मे जुट जाने का आव्हान किया।

भाजपा प्रत्याशी श्री नागर का नगर परिषद नलखेड़ा के पूर्व अध्यक्ष द्वय प्रेम राठौर तथा चंद्रकांता प्रेम राठौर द्वारा पुष्प हारो से स्वागत कर उन्हें पार्टी द्वारा तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की बधाई दी गई।

**खबर संक्षेप**

### महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन यात्रा का हुआ आयोजन



**देवास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए दिन रात काम कर रही हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर भाजपा महिला मोर्चा देवास द्वारा नारी शक्ति वंदन यात्रा अंतर्गत वाहन रैली शहर में निकाली गई, जिसमे सैकडों महिलाएं शामिल हुई। महिला कार्यकर्ताओं ने मोदी को फिर से जिताने का आह्वान किया और मोदी सरकार अब की बार 400 पारऱ लाने का संकल्प लिया।महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी झालानी ने कहा कि भाजपा की केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन यादव सरकार डबल इंजन की सरकार मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर वो काम कर रही है जो महिलाओं के हित में हो आज महिलाएं आत्मनिर्भर तो बनी ही है इसी के साथ नारी शक्ति का सशक्तिकरण भी हुआ है। हम सब मिल कर एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को बुलंद करेंगे।

### लोस चुनावः आज नोडल अफसरों की बैठक

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक 06 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्त ने बैठक में सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

### साधारण सभा की बैठक 12 मार्च को

**देवास।** जिला पंचायत साधारण सभा एवं स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया की अध्यक्षता में 12 मार्च को दोपहर 02 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। संबंधितों को बैठक में उपस्थित रहने को कहा है।

### कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उज्जैन पहुंची

# जीप में सवार राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं समर्थकों का किया अभिवादन स्वीकार

**प्रेस वार्ता आयोजित कर कांग्रेस नेता जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर अध्यक्ष मनोज राजानी ने यात्रा के बारे में दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दोपहर 12.30 बजे करीब जिले की सोनकच्छ विधानसभा के दोन्ता ग्राम पहुंची। राहुल गांधी ने लाल जीप में सवार होकर अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। प्रदेश कांग्रेस ने दोन्ता में प्रेस वार्ता आयोजित कर यात्रा के अनुभवों के साथ आगामी यात्रा की रूपरेखा पत्रकारों के साथ साझा की। राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देवास जिले के ग्राम दौंता पहुँची। कांग्रेस नेता जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर अध्यक्ष मनोज राजानी ने प्रेस कांफ्रेस लेकर यात्रा के बारे में जानकारी दी। जयराम रमेश ने इंडिया गठबन्धन को लेकर कहा कि 26 मजबूत पार्टियों का गठबन्धन है। वही पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने लोकसभा में मप्र में करीब 8 से 15 सीटें कांग्रेस द्वारा जीतने की बात कही।

गठबन्धन को लेकर बोले पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि इंडिया गठबन्धन वही है,जो कि प्रेम,सदभाव,सत्य और अहिंसा का रास्ता अपनाता है,नेहरूजी का,महात्मा गाँधी जी बाबा साहब अंबेडकर का रास्ता अपनाता है,वही इस अलाइंस की विचाधारा है। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मध्य प्रदेश में चौथा दिन है। यात्रा मध्य प्रदेश के अनेक जगहों से होते हुए आगे बढ़ रही है। ऐसे में मंगलवार को न्याय यात्रा के लिए विजया गंज मंडी क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पर मंच बनाए गए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया गया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए कार्यकर्ता सुबह से ही तैयारियों में जुटे रहे।

### भाजपा के वोटों में होगी सवा दो लाख की बढ़ोतरी: सोलंकी



देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहती हैं । जनता ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को जिताने का मन बना लिया है । सारे देश का वातावरण मोदीमय प्रतीत हो रहा हैं । इसलिए राहुल गांधी आए, प्रियंका गांधी आए या ओर कोई कांग्रेसी नेता आए । कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है । शाजापुर में न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी के आने पर यह बात भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी ने कही । श्री सोलंकी ने कहा कि भारत को नवनिर्माण की राह पर अग्रसित कर रहे मोदी जी 2047 तक विकसित भारत बनाना चाहते हैं। 10 वर्ष के प्रधानमंत्रित्व काल में मोदी जी ने कई एतिहासक निर्णय लिए हैं । जनहित के काम किए हैं। जनता भी जानती है कि मोदी जी जिस काम की गारंटी लेते हैं वह पूरा जरूर होता है। श्री सोलंकी ने भारत जोड़ो यात्रा पर कई कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल के आने से देवास शाजापुर लोकसभा सीट पर भाजपा को सवा दो लाख वोटो की बढ़ोतरी होगी। वैसे भी जनता जनार्दन एवं भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में देवास शाजापुर से छह लाख से अधिक मतों से भाजपा को विजयश्री दिलवाने का संकल्प लिया हैं ।






# भारतीय किसान संघ ने की गेहूं खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग

**मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन**



**देवास।** किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय किसान संघ ने गेहूं की खरीदी 2700 रुपए की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने सर्व प्रथम तहसीलदार आए जिन्हें संगठन के पदाधिकारी एवं किसानों ज्ञापन देने से मना किया। वे अपनी मांग पर अड़े रहे कि जिन अधिकारी को हमने बुलाने की पूर्व सूचना दी। उन्हे बुलाया जाए तभी ज्ञापन देंगे।

वन विभाग के अधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारी नहीं आने के कारण एक घंटे तक किसानों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना दे कर हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते के नारे लगाए। एसडीएम डीडीए आरपी कनेरिया एवं भू अधीक्षक शाखा के राजेश सरवटे आने के बाद एस डी एम बिहारी सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि वर्तमान विधानसभा चुनाव में आपकी पार्टी के घोषणापत्र में,वादा किया गया था कि प्रदेश के किसानों को गेहूं का मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल, एवं धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल दिया जायेगा। इतना ही नहीं सभी चुनावी सभाओं में आपकी पार्टी के बड़े और जिम्मेदार केंद्रीय नेताओं ने अपने भाषणों में भी इस बात का दावा किया है।

जिनकी बात पर आज देश ही नहीं दुनियाँ भरोसा करती हैं, आज प्रदेश के सभी जिलों में भारतीय किसान संघ ज्ञापन के माध्यम से आपको वादा याद दिला रहे हैं, विश्वास करते हैं कि,जो धान बिक चुका है, उस पर घोषित बोनस एवं गेहूँ की घोषणा अनुसार खरीद की अविलंब व्यवस्था आपके द्वारा की जाएगी। जिनसे राजनीति क्षेत्र का मूल्य बढ़ा है, कम से कम उनका कथन निराधार, और अवसरवादी,और भ्रामक नहीं होगा ऐसा विश्वास करते हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि मोदी की गारंटी में गेहूं की खरीदी 27 रुपए प्रति कुंटल एवं धान की खरीदी 3100रु प्रति कुंटल की जाए। प्रतिकूल मौसम से हुई फसल नुकसानी का मुआवजा राशि सर्वे करा कर तुरंत दिलाया जाए। जंगली जानवरों की नसबंदी करके बड़े जंगलों में छोड़ने और सूअर को मारने के आदेश का नियम बनाया जाए। इंदौर बुधनी रेलवे लाइन एवं इंदौर बैतूल फोरलेन निर्माण में अधिग्रहण भूमि का अन्य राज्यों की तरह चार गुना मुआवजा दिया जाए। 2022 का फसल बीमा क्लेम कई हल्के के आधे किसानों को मिला है आधे किसान छूट गए हैं उन किसानों का बीमा तुरंत डलवाया जाए। सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च से बढ़कर 30 अप्रैल की जाए। इंदौर मंडी में लहसुन की खरीदी एक तरफा निर्णय के कारण सहकारी मंडी में की गई इससे किसानों में नाराजगी है।

अतः लहसुन की खरीदी ऐच्छिक की जाए। किसानो की इन मांगो का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। इसके पूर्व किसानों ने कृषि उपज मंडी में इकट्टा होकर बैठक की। बैठक में स्थापना दिवस एवं सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। प्रांत अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्या, जिला प्रभारी आनंद आजंना, प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार ने किसानों को संबोधित किया। बैठक में जिला अध्यक्ष हुकुमचंद पटेल, मंत्री शेखर पटेल, जिला उपाध्यक्ष बहादुर सिंह ठाकुर, सत्यनारायण पटेल, आंनद मेहता, राकेश जाट, ईश्वर सर, केशूभाई, गणेश रावत, तहसील अध्यक्ष सर्वैश केलवा, माखन नाहर, केलाश भार्गव, राजेंद्र जोशी, मनोहर राजपूत उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने दी।

# स्वच्छता प्रेरणा समारोहः राज्य स्तर पर ब्यूटीफुल ग्रीन स्पेस में देवास को मिली प्रथम रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास






स्वच्छता प्रेरणा समारोह 5 मार्च मंगलवार को लाल परेड ग्राउन्ड भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित हुआ। प्रदेश की सभी नगरीय निकायों के सफाई मित्रों को इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के साथ नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा अन्य सभी विभागों के मंत्री गणों की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम में सभी निकायों के सफाई मित्रों की उपस्थिति में सफाई मित्रों का सम्मान भी मुख्यमंत्री डॉ यादव के द्वारा किया गया । साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में अलग अलग केटेगिरी में निकायों को पुरस्कार वितरण भी किया जिसमें देवास नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में सिटी ब्यूटीफिकेशन में ग्रीन स्पेस (ग्रीन देवास) को अत्यधिक बढ़ावा देकर कार्य किया। देवास नगर निगम ने भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिटी ब्यूटी कॉम्पीटिशन में भाग लेकर राज्य स्तर पर ब्यूटीफुल ग्रीन स्पेस में प्रथम रेंक प्राप्त की। भोपाल में आज आयोजित स्वच्छता प्रेरणा समारोह एवम सम्मान समारोह में राज्य मंत्री प्रतिभा बागरी एवं राज्य मंत्री शिवाजी पटेल द्वारा स्व्च्छता सम्मान पुरस्कार निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, निगम स्वास्थ समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बेस, को प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर निगम अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, जितेन्द्र सिसौदिया, विजय जाधव, विशाल जोशी, अरुण तोमर मंच पर उपस्थित रहे। विधायक गायत्री राजे पवार महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल सभापति रवि जैन आयुक्त रजनीश कसेरा एवं सभी निगम परिषद सदस्यों ने देवास नगर निगम के पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देवास नगर निगम बैठक हॉल में सहायक यंत्री इंदु प्रभा भारती, कार्यालय अधीक्षक अशोक उपाध्याय, अशोक देशमुख, एवं निगम पदाधिकारी एवं उपस्थित नागरिकों के साथ देखा एवं सुना।

### शहर के कुछ क्षेत्रों में नहीं हो सकेगा जल वितरण

**देवास।** क्षिप्रा जल यंत्रालय की विद्युत लाईन पर मेंटेनेंस का कार्य होने से प्रात 12 बजे से शाम 6 बजे तक 6 मार्च बुधवार को शट डाउन किया जावेगा। इस दौरान पम्प बंद रहेंगे। जिससे शहर के कुछ क्षेत्रों में जल प्रदाय नहीं होगा। जिन क्षेत्रों में जल प्रदाय नहीं होगा वे हैं- मेंढ़की गांव, बीराखेड़ी एवं राजाराम नगर टंकी के कुछ क्षेत्रों में,रानीबाग टंकी व उत्तम नगर टंकी के कुछ क्षेत्रों में, न्यू देवास, आधा आवास नगर एवं बालगढ़ मल्टी,चूना खदान,राजीव नगर मल्टी, मल्हार, लेबर कॉलोनी, गणेशपुरी, सम्राटपुरी,लक्ष्मी विहार आदि क्षेत्रों में जल वितरण प्रभावित होगा। उक्त सभी क्षेत्रों में अगले दिन 7 मार्च को जल वितरण किया जाएगा।

# चुनाव समिति ने अनूठे ढंग से किया उम्मीदवारों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




अभिभाषक संघ के निर्वाचन के तहत रोज नई-नई गतिविधियां जारी है। आज एक अनूठा आयोजन चुनाव समिति द्वारा किया गया शायद यह अपने तरीके का पूरे मध्य प्रदेश में ऐसा आयोजन हो जिसमें चुनाव पूर्व सभी उम्मीदवारों को चुनाव समिति द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। पश्चात अध्यक्ष पद के चारों उम्मीदवारों अशोक वर्मा, राम प्रसाद सूर्यवंशी, प्रवीण शर्मा एवं चंद्रपाल सिंह छोटू ने मतदाताओं के समक्ष अपनी भावी योजनाओं को प्रस्तुत की ओर मत उन्हें क्यों दे यह बतलाया एवं वोट मांगे, अभिभाषकों की ओर से उनकी अपेक्षा के नवीन कार्यकारिणी से क्या है इस बारे में योगेश कुमार, चंद्रपाल सिंह राजपूत, अजय शर्मा एवं पंकज मांगरोलिया ने अपनी बातें रखी। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ एवं अध्यक्ष पदीय उम्मीद्वारों ने अनुठे आयोजन को आयोजित करने एवं श्रेष्ठ परंपरा को स्थापित करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बापट एवं पूर्ण निर्वाचन समिति का आभार व्यक्त किया एवं भूरी भूरी प्रशंसा की कार्यक्रम का अनुठे ढंग से प्रभावी संचालन समिति के प्रसिद्ध अभिभाषक रघुवीर यार्दी ने किया। उक्त जानकारी चुनाव सहायक गुड्डू सिरोलिया ने दी।

### महारानी पुष्पलता राजे पवार महाविद्यालय में आस-पड़ोस युवा संसद का हुआ आयोजन

# युवा संसद में स्थानीय से राष्ट्रीय स्तर तक के मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नेहरू युवा केंद्र देवास द्वारा महारानी पुष्पलता राजे पवार महाविद्यालय सभागार में आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। युवा संसद में स्थानीय से राष्ट्रीय स्तर तक के मुद्दों पर चर्चा हुई। युवा संसद का आयोजन सार्वजनिक-सामुदायिक जीवन में महिला प्रतिभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। युवा संसद में लगभग 50 युवाओं ने पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका निभाई। लोकतांत्रिक प्रणाली के माध्यम से युवा राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं। यह युवा संसद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सीखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की पूर्ति में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेहरू युवा केंद्र संगठन के उपनिदेशक अरविंद श्रीधर ने आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम के उद्देश्यों, माय भारत पोर्टल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं से अपील की कि माय भारत पोर्टल पर अपना पंजीयन अवश्य कराएं। नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवक यश दुबे ने पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और सभागार में उपस्थित युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया। युवा संसद आयोजित करने में बलराम परमार एवं डॉ वर्षा जयसवाल ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। युवा संसद कार्यक्रम को क्षेत्रीय संचार ब्यूरो इंदौर के दिलीप सिंह परमार, प्राचार्य डॉ भरत सिंह गोयल, जन भागीदारी समिति की अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र देवास के कार्यक्रम पर्यवेक्षक अनिल जैन ने किया।

# एकेडमिक कान्वेंट विद्यालय में पुरस्कार वितरण हुआ संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एकेडमिक कान्वेंट विद्यालय में वर्षभर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता हैं जिसमें प्रमुख रूप से क्रिकेट, रंगोली, कॉम्पीटीशन, टेग ऑफ वार, खो-खो, चेयर रेस, डांस, लेमन रेस साथ ही शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को शील्ड, मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। करूणा गेहलोत ने बताया कि बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिवर्ष वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय डायरेक्टर हाइकोर्ट एडव्होकेट मनोज श्रीवास्तव द्वारा कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के बच्चों को पुरस्कार वितरण किये गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य निशि इंदुराज, कोर्डिनेटर वंदना मसीह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## वीआईटी विश्वविद्यालय के ऋषभ और खुशी रासेयो शिविर में करेंगे नेतृत्व





**सीहोर।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय कोटरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र रिषभ काबरा, बीटेक तृतीय वर्ष और खुशी देसाई, बीटेक द्वितीय वर्ष राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित हुए हैं। यह शिविर बरखतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की संघटन व्यवस्था में प्रज्ञा सागर महाविद्यालय पाचोर, जिला राजगढ़ में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर एनएसएस में उनके योगदान को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मौका प्रदान करेगा और उन्हें राज्य स्तर पर नेतृत्व कौशल को सीखने का अवसर देगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सेंथिल कुमार आरुमुगम, रजिस्ट्रार डॉ. देबाशीष अधिकारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट और डॉ. अभा गुप्ता व राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुस्कार से सम्मानित घनश्याम बामनिया व वरिष्ठ स्वंय सेवक आशीष मेवाड़ा ने छात्रों के चयन पर हर्ष जताया।

## कृषि उपज मंडी में हो रही गेहूं चने की बंपर आवक

**भैरूंदा।** कृषि उपज मण्डी समिति भैरूंदा में गेहू और चना सहित अन्य जिन्सो की अधिक मात्रा में आवक हो रही है। जिससे मंडी के शेड भरने के बाद ट्रालियो की लाइन रोड पर लग रही है। जिससे आमजन को आने जाने में असुविधा उत्पन हो रही है। आमजन को असुविधा उत्पन ना हो इस लिए कृषि उपज मण्डी समिति के शेड भर जाने के बाद जो भी ट्राली आती है उनको मोती विहार कालोनी इन्दोर रोड सीहोर नाका भैरूंदा में टोकन देकर खडी करवाया जावेगा। सभी किसान मण्डी प्रांगण के शेड भर जाने पर खड़ी करेंगे।

### युवा डॉक्टरों की मेहनत से सिविल अस्पताल की बदल रही छवि

# डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन कर बच्चे के सिर से 250 से ज्यादा कीड़े निकाले

### सिविल अस्पताल के तीन डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई बच्चे की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


जिले में जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या में मामले में सबसे बड़ी आष्टा विधानसभा का एक मात्र सरकारी अस्पताल कहने को विशालकाय बिल्डिंग के रुप में बना है लेकिन यह की लचर स्वास्थ्य सेवाएं जगजाहिर है वहीं विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से लेकर जरूरी संसाधनों को उपलब्ध न होने के कारण आए दिन सड़कों पर होती वाहन दुर्घटना में घायल या छोटी सी छोटी बीमारी से ग्रसित मरीजों को सीहोर या भोपाल रेफर कर दिया जाता है जिसके चलते सिविल अस्पताल की इस रेफर प्रणाली के चलते धीरे धीरे आम जनता का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर से भरोसा उठता जा रहा था और सिविल अस्पताल को तो लोगो ने रेफर अस्पताल तक कहना शुरु कर दिया था।

### प्राइवेट अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों से हो रही खुली लूट

समय पर इलाज न होना, विशेषग डॉक्टरों का पैनल न होना ऊपर से छोटी सी छोटी बीमारी के मरीज को सीहोर या भोपाल रेफर कर देने से सिविल अस्पताल की छवि आम जनमानस में दिन ब दिन खराब होती जा रही थी !ऐसे में अब शहर के लोग प्राइवेट हॉस्पिटल की और रुख करने लग गए थे! लिहाजा सरकारी अस्पताल की बिगड़ती छवि के कारण बीते कुछ वर्षों में प्राइवेट अस्पताल भी कुकुरमुत्तों की तरह खुल गए और एक तरह से महज बीते कुछ वर्षों में ही प्राइवेट अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई जिनमे ना विशेसग डॉक्टर है और स्वास्थ्य सेवाओं के मापदंड से यह संचालित हों रहें है बस इलाज के नाम पर मोटी वसूली कर मरीजों को लूटने का अड्डा बना दिया! और इसका उदारण वैश्विक महामारी कोरोना में देखने को मिला जहां प्राइवेट अस्पताल के संचालकों ने कोरोना जैसी महामारी में भी मरीजों को इलाज के नाम पर लूटकर जमकर व्यापार किया! और इलाज के अभाव में या लापरवाही के चलते कई परिवारों ने अपने सदस्यों को खो दिया।

### 10 वर्षीय मासूम के सिर का ऑपरेशन कर निकाले 250 से ज्यादा कीड़े

आष्टा में हड्डी रोग विशेषज्ञ के रुप में वर्षों से पदस्थ डॉ. जीडी सोनी को बीते कुछ दिनो पूर्व ही इनके लंबे अनुभव को देखते



हुए आष्टा विकासखंड का चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ)बनाया है लिहाजा एक तरफ युवा डॉक्टरों की टीम और एक तरफ लंबे समय से पदस्थ डॉक्टर जीडी सोनी का अनुभव से जटिल बीमारियों का इलाज और ऑपरेशन भी सिविल अस्पताल में शुरू हो चुका है ! ताजा मामला सोमवार को शासकीय सिविल अस्पताल में वर्षो बाद वर्तमान बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी के मार्गदर्शन में युवा डॉक्टरों की टीम डॉक्टर गंभीर पटेल और डॉक्टर भूपेंद्र परमार, डॉक्टर चित्रा सोनी की मेहनत और प्रयासों से आष्टा के ग्रामीण इलाके के एक 10 वर्षीय बालक के सर का सफल ऑपरेशन कर लगभग 250 से ज्यादा कीड़ों को बाहर निकालकर मासूम बच्चे की जान बचाई। लाजमी है आष्टा के सिविल अस्पताल में इस तरह से एकाएक आया बड़ा परिवर्तन बहुत सुखद हैं। वहीं अब युवा चिकित्सकों की टीम



#### टीम ने जगाई उम्मीद की किरण



बीते कुछ माह में आष्टा के सरकारी अस्पताल में तीन नए युवा डॉक्टरों की पदस्थापना हुई और अब इन युवा डॉक्टरों ने अपनी मेहनत और युवा सोच से आष्टा के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की बिगड़ी छवि को सुधारने का बीड़ा उठाया है और अपनी मेहनत और सार्थक प्रयासों से गरीब और जरूरतमंद आमजन मानस में सरकारी अस्पताल पर भरोसा कर उम्मीद की किरण जगाई है गौरतलब हे की बीते कुछ माह में आष्टा के सिविल अस्पताल में डॉक्टर गंभीर पटेल (एमबीबीएस एमडी सर्जन) और डॉक्टर भूपेंद्र परमार( एमबीबीएस एमएस सर्जन) वही डॉक्टर चित्रा सोनी एमबीबीएस डीसीएच शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ हुई है और अब यह तीनो डॉक्टरों की मेहनत रंग ला रही है मरीजों को रेफर ना कर यही इलाज करने का प्रयास कर रहें है। जिससे आष्टा विधानसभा की जनता को इन नए तीन युवा डॉक्टरों में एक उम्मीद किरण दिखाई दे रही है।

के इस सराहनीय कार्य से आष्टा के नागरिकों में सरकारी अस्पताल के इन युवा डॉक्टरों के प्रति सम्मान और बड़ा है उनकी सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ की जा रही है और मरीजों का दिल जीत कर दुआएं भी ले रहे हैं।

### कई सालों बाद शुरू हुआ ऑपरेशन थियेटर

आपको बता दे की जिस तरह डॉक्टर गंभीर पटेल और डॉक्टर भूपेंद्र परमार ,डॉक्टर चित्रा सोनी ने एक बच्चे का इलाज कर सिर में से 250 से ज्यादा कीड़ों को बाहर निकाल कर जान बचाई, वाकई में यह सराहनीय कदम है। विदित रहे कि सिविल अस्पताल में की वर्षा पश्चात ऑपरेशन थियेटर चालू हुआ है और गरीबों को मुफ्त में उपचार मिल रहा है। डॉ भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल ने अनेक ऑपरेशन करके नागरिकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। सिविल अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।निश्चित इस सिविल अस्पताल में डॉक्टर एच एल दलोद्रिया के पश्चात मरीजों में चिकित्सकों ने अपना विशेष स्थान बनाया है। नगर की जनता सहित मरीज के परिजनों ने आष्टा सिविल अस्पताल के डॉक्टरों की टीम के इस कार्य की खूब सराहना की है।

# पुराने भवन से नए भवन में शिफ्ट होगा थाना

### :पुलिस कर्मियों को मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कन्नौद रोड पर नया थाना भवन बनकर तैयार हो गया है नया थाना भवन पुराना थाना भवन के पास ही बनाया गया है और सर्व सुविधा युक्त बनाया गया है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो 15 से 20 दिन के अंदर आष्टा थाना परिसर में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से बने नए भवन का शुभारंभ होते ही उसमें पुराने भवन से थाना शिफ्ट हो जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। आष्टा में एमपी पुलिस हाउसिंग बोर्ड ने कुछ समय पहले थाने का नया भवन बनाने की स्वीकृति दी थी। 21 अगस्त 2021 से इसके काम की शुरुआत हुई।

नए भवन के दायरे में हाईटेंशन लाइन, बिजली खंभे आने से इनको शिफ्ट किया गया। इसके चलते काम प्रभावित हुआ। यही वजह है कि अब जाकर भवन पूरी तरह से बनकर तैयार हुआ है। आष्टा थाने के नए भवन को बनाने में जुड़ाई में भोपाल से बुलाई सीमेंटेड ईंट का उपयोग हुआ है। नई बिल्डिंग में महिला और पुरूष बैराक के साथ रेस्ट रूम, प्रोजेक्टर के साथ कॉन्फ्रेंस हॉल, महिला डेस्क कक्ष, वीआइपी की इंट्री के लिए अलग से जगह, निशक्तजन के लिए चढ़ने व उतरने रैंप, शहर की निगरानी करने कंट्रोल रूम रहेगा। नया भवन का निर्माण आठ हजार स्कावयर फीट जगह में हुआ है।

अभी पुराना थाना वर्ष 1988 में बनी बिल्डिंग में चल रहा है। पुराने भवन में पुलिसकर्मी, पीड़ितों की संख्या के आगे जगह की कमी होने से समस्या आती है। पुराने भवन से थाने के नए भवन में शिफ्ट होते ही समस्या खत्म हो जाएगी। दूसरे थाने के रूप में आष्टा को छह साल पहले पार्वती थाने की सौगात मिली थी। थाने की शुरुआत तो हुई लेकिन उसे स्वयं का भवन नहीं मिला।

यह थाना चालू होने के बाद से आज तक किराए के भवन में चल रहा है। किराए के भवन में जगह और अन्य सुविधा का अभाव होने से पुलिसकर्मी और शिकायत लेकर आने वाले पीड़ितों को परेशानी होती है। अभी यह थाना पुराने भोपाल-इंदौर हाइवे पर इंदौर नाका और मालीपुरा जोड़ के बीच संचालित हो रहा है। थाने के लिए बाइपास दुपाड़िया जोड़ के समीप जमीन आवंटित हो गई है, लेकिन भवन बनाने का काम अब तक चालू नहीं हुआ है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र राठौर ने बताया की थाना परिसर में नया भवन बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही शुभारंभ होते ही पुराने भवन से नए भवन में थाना शिफ्ट हो जाएगा।

## 6 मार्च से शुरू होगा रुद्र महायज्ञ, तैयारी शुरू

**श्यामपुर।** श्यामपुर में पशुपतिनाथ पिपलेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति ने बताया कि शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्यामपुर नगर में श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्राम देवता, खेड़ापतिसरकार व श्री संतशिरोमणि नामदेव महाराज की कृपा से किया जाएगा। 6 मार्च को सुबह 9 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। पूर्ण आहुति और प्रसादी वितरण 9 मार्च प्रातः 11 से 3 तक किया जाएगा। आयोजक समिति ने सभी भक्तजन अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# वाहन की टक्कर से घायल गाय का किया उपचार, गौशाला छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दुपाड़िया, मालीखेड़ी बायपास जोड़ पर वाहन की टक्कर से एक गाय गम्भीर रूप से घायल हो गई!जिसकी सूचना गौ रक्षक और विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के सदस्यो को मिली तो तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर पशु चिकित्सालय आष्टा प्रभारी उदय माहेश्वरी और इनके सहयोगी विवेक भावसार को सुचना देकर बुलाया !लिहाजा तत्काल सूचना मिलने पर डॉक्टर उदय माहेश्वरी अपने सहयोगी विवेक भावसार के साथ पहुंचे और वाहन की टक्कर से घायल गाय का उचित उपचार किया,!उपचार के बाद केवखेड़ी निवासी ग्रामीण देव जी मेवाड़ा ने अपने ट्रेक्टर से घायल गाय को दुपाड़िया मालीखेडी जोड़ से नगर की मुक्तिधाम स्थित गौशाला में छोड़ा!जहां गौशाला समिती द्वारा उक्त घायल गाय की देख भाल की जायेगी!इस दौरान विश्व हिंदू परिषद सदस्य, बजरंग दल के विपिन जैन, कालु सोनी, राम वर्मा रवि बागवान, कृष्ण पाल, सोनू मालवीय ,अभिषेक मालवी, रोहन सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

# पुष्प विद्यालय में आयोजित किया नेत्र परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सामाजिक समरसता और समाज सेवा के उद्देश्य को लेकर नगर में दशको से संचालित सर्वधर्म समिति द्वारा आगामी महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को केन्द्र में रखकर पुष्प विद्यालय में आनंदम नेत्रालय के सहयोग से संस्था की अध्यक्षा डॉ. मीना सिंगी के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया साथ ही मरणोपरान्त नेत्रदान के लिये लोगो को प्रेरित करते हुये नेत्रदान की उनकी घोषणा के लिये सहमति फार्म की भरे गये।

शिविर में 100 से अधिक लोगो का नेत्र परीक्षण हुआ तथा 20 से अधिक लोगो नें नेत्रदान के लिये सहमति फार्म भरे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन और माल्यार्पण नगर के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. अतुल उपाध्याय, संस्था के संरक्षक तथा सेमनरी के रेक्टर फादर फ्रांसिस




स्कारियों, पुष्प विद्यालय के प्राचार्य फादर मैल्विन सीजे, संस्था की वर्तमान अध्यक्षा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा डॉ. मीना सिंगी, पत्रकार किरण रांका, यूनानी चिकित्सक डॉ. शायनी अंजुम तथा आयोजन प्रभारी कवि अतुल जैन सुराणा द्वारा करके आयोजन का मार्ग प्रशस्त किया गया। इसके पश्चात पुष्पमाला, शॉल एवं श्रीफल के साथ मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं आयोजन में सम्मिलित सभी महिलाओं का पुष्पमाला के साथ स्वागत अध्यक्षा मीना सिंगी द्वारा किया गया एवं अपने स्वागत भाषण में उन्होंने संस्था की जानकारी देते हुये सभी अतिथियों का शब्दो के माध्यम से स्वागत अभिनंदन किया। इसके पश्चात अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में डॉ. अतुल उपाध्याय नें नेत्रदान के महत्व को बताते हुये इससे जुड़ी कई भ्रांतियों का दूर करते हुये सभी को नेत्रदान के लिये प्रेरित किया। फादर फ्रांसिस स्कारियो ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में इस आयोजन की सराहना करते हुये संस्था की कार्यकारिणी को बधाई दी और निरंतर इस प्रकार के आयोजन के लिये मार्गदर्शित किया। आयोजन का संचालन कर रहे कवि अतुल जैन सुराणा नें सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि नेक काम के लिये किसी एक व्यक्ति या संस्था का केवल एक कदम आगे बढ़ाना आवश्यक है इसके बाद अपने आप की कारवां बनता जाता है।

समाज में नेकदिल लोगो की कमी नहीं हैं। आयोजन में बिन्दु सोनी का विशेष सहयोग रहा साथ ही आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय वेश्य महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बेला मूंदड़ा सहित रिंकू वोहरा, सपना सुराणा, अंकिता वोहरा, गिरजेश कुशवाह, निर्मला कुशवाह, बबली कुशवाह, पिंकी पोरवाल, रानी मूंदड़ा, पार्वती सोनी, कविता कामरिया आदि मातृ शक्तियों की ऊर्जावान उपस्थिति रही एवं विनीत सिंगी, दीपक कंचन, गणेश सोनी, राकेश बेरागी, विकास तिवारी तथा सेमनरी के ब्रदर्स की टीम की उपस्थिति नें आयोजन को गरिमा प्रदान की।

# अटल कॉलोनी में बनेगा पार्क, जनप्रतिनिधियों ने किया भूमि-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता पार्टी छोटे व मध्यम वर्ग के परिवारजनों की चिंता करती है, भाजपा ने हमेशा से ही गरीब, बेसहारो की चिंता करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की चिंता की है और उसी अनुरूप कार्य भी सम्पूर्ण देश मे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा सरकार तेजी से काम कर रही है. अनेक वर्षो के इन्तजार के बाद आष्टा नगर सरकार भाजपा की बनी है, अब विकास के लिए एक नहीं डबल इंजन की सरकार है, निश्चित ही हम अपने नगर का नाम और विकसित शहरों की श्रृंखला मे दर्ज करने मे हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इस आशय के विचार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अटल कालोनी मे पार्क और सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर व्यक्त किए. भूमिपूजन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं वार्ड पार्षद रवि शर्मा के विशेष आतिथ्य मे संपन्न हुआ। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि अटल कालोनी मे मुख्यतः गरीब बेसहारा लोग बड़ी संख्या मे निवास करते है और यह सब संभव भी प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के कारण ही हुआ है, कालोनी मे निवासरत नागरिको कि सुख सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नगरपालिका ने कालोनी मे व्यवस्थित पार्क बनाने का निर्णय लिया था, जिसका आज भूमिपूजन संपन्न हुआ है जो शीघ्र ही लगभग 65 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होगा। इसी क्रम मे हमारे नगर के नागरिक स्विमिंग पुल की कमी होने से अन्यत्र मनोरंजन के लिए जाते थे, किन्तु यह सुविधा भी नगरपालिका ने नागरिको के मनोरंजन के लिए पूरी की है. नागरिकगण आसानी के साथ स्विमिंग पुल तक बिना किसी रोकथाम के पहुंच सके इसके लिए अटल कालोनी से लेकर स्विमिंग पुल तक लगभग 55 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ है जो शीघ्र ही पूर्ण होगा और उसका नागरिकगण लाभ भी उठाएंगे। भूमिपूजन अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, सीएमओ राजेश सक्सेना, वार्ड पार्षद रवि शर्मा, कृपालसिंह पटाडा, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, संध्या बजाज, पार्षदगण डॉ सलीम खान, कमलेश जैन, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, मेहमूद अंसारी, आरिस अली, अतीक कुरैशी, सुभाष नामदेव, संजीव सोनी पांचम, उपयंत्री पीके साहू, आशुतोष शर्मा, डॉ महेश मेवाड़ा, रुपाली चौरसिया, भगवती सोनी सहित बड़ी संख्या मे नागरिकगण मौजूद थे।

### प्रभु प्रेमी संघ ने सत्संग में घोला फाग का रंग, जमकर झूमे शिव भक्त

# ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत विद्यासागर जी महाराज को दी विनयांजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के मध्य स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर के धर्म सभागार में बीते रविवार को प्रभु प्रेमी संघ का भव्य मासिक सत्संग सम्पन्न हुआ। भजन गायन , मंत्रोच्चारण , गुरु स्मरण के साथ ही प्रभु श्रीराम की भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम में फाग गायन और फूलों की होली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विगत दिवस सल्लेखना पूर्वक समाधिस्थ हुए राष्ट्र संत दिगम्बर जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धांजलि दी गयी। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ का मासिक सत्संग विगत 16 वर्षों से नगर में आयोजित किया जा रहा है । गुरु और गोविंद भक्ति के इस नियमित कार्यक्रम में योग और अध्यात्म पर विशेष ध्यान दिया जाता है ।

रविवार को परम गुरु भक्त मधुसूदन सोनी डिगोड़ा परिवार ने मासिक सत्संग का आयोजन किया था। कार्यक्रम में शास्त्रीय भजन गायक राम श्री वादी ने अपने स्वरचित भजन जय जय भोले भंडारी तेरा रूप निराला से भक्ति रस बिखेरा। नर्मदा प्रसाद मालवीय ने ₹आओ सखी मेहंदी लगाए₹ सुना कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया वही गणेश राठौर ने अडिग श्रद्धा से सराबोर गीत ₹जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए ₹ प्रस्तुत किया । रजनी सोनी ने मेरे मन मे राम तन में राम रोम -रोम में राम रे सुनाया जिस पर महिला श्रद्धालुओं ने नृत्य भक्ति की ।सदैव की तरह उपस्थित प्रभु प्रेमी जन ने ॐ नाद के साथ गायत्री मंत्र, महा मृत्युंजय मंत्र ,गुरु मंत्र के उच्चारण के उपरांत हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। सभी भक्तों ने क्रमानुसार गुरु पादुका पूजन करके आरती में भाग लिया अंत मे प्रसादी वितरण की गई सत्संग आयोजक मधुसूदन सोनी, राहुल सोनी , प्रवीण सोनी ने सभी प्रभु प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया।

# पति ने एयर गन से मारी गोली, पत्नी की मौत

## पिता एवं परिजनों ने लगाए आरोप - हमारी लड़की को पैसों के लिए रात को ही मार दिया और दूसरे दिन तक सूचना भी नहीं दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

पति ने पत्नी को एयर गन से मारी गोली पत्नी कि मौत मामला है। खुजनेर का जहां प्रखर उपाध्याय उम्र 28 वर्ष नामक युवक ने अपने ही घर पर रविवार रात्रि को एयर गन से पत्नी वंदना उपाध्याय उम्र 27 वर्ष को अपने बेडरूम में गोली मार दी जिससे पत्नी वंदना उपाध्याय कि मौत हो गई। वंदना कि शादी 2021 में ही हुई थी।

परिजनों का कहना कि रात्री कि घटना होने के बाद भी परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। सुबह लड़के के पिता ड्यूटी पर चल गये। क्यों वो खुजनेर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थ है और सरकारी कर्मचारी है। जो सुबह रोज कि तरह ड्यूटी पर चल गए। इस मामले कि सूजना पुलिस को 11 बजे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रखर पाध्याय को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मौके पर एसडीपीओ दिनेश शर्मा , थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां केंद्र पर एक्स-रे कर शव को पोस्टमार्टम रूम में भेजा गया। परिजनों का आरोप था। कि लड़के के पिता ओर मां सरकारी कर्मचारी है। लेकिन इनको इस बात कि जानकारी होने के बाद भी वो सुबह सुबह ड्यूटी पर





चल गये। इस मामले में लड़के के माता-पिता को पुलिस द्वारा पांच बजे तक थाने नहीं लाया गया था। न ही उन पर कोई कार्रवाई कि गई। जबकि इसमें लड़के के माता पिता भी दोषी है। वहीं शाम छः बजे तक शव का पोस्टमार्टम किया गया। शव को लड़की के परिजनों को सौंपा गया। जो अंतिम संस्कार के लिए लड़की के गृह गांव राजस्थान के सुनेल के समीप ले जाया गया।

### सिर पर चोट के निशान

हमें 11 बजे सूचना मिली थी। उसके बाद हम मौके पर पहुंचे थे। खुजनेर में सदर बाजार के पास नागेन्द्र उपाध्याय का घर है। वहा पर उनकी बहू वंदना उपाध्याय को उनके बेटे प्रखर उपाध्याय ने एयर गन से मारने कि जानकारी है। उसके बाद जांच कर कार्रवाई की जा रही है। वंदना के सिर पर चोट के निशान हैं। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा। जांच कि जा रही है।

**आदित्य सोनी,** थाना प्रभारी खुजनेर

### लड़की के परिजनों ने लगाया आरोप

*लड़की के पिता दीपचंद शर्मा माचलपुर, मौसा उदय भानु, गोविंद प्रसाद दुबे मामा, वर्षा दुबे का आरोप है कि हमारी लड़की को मारने में लड़के सहित माता, पिता का भी हाथ है। हमारी लड़की को रात में ही मार दिया। लेकिन हमें सूचना भी रवि शर्मा खिलचीपुर वालों के मध्यम से सोमवार दोपहर 12 बजे पता चला है जब हम लोगों ने लड़के के पिता को फोन लगाया तो वो बोलते हैं। में अस्पताल में ड्यूटी कर रहा हूं। 2021 में दोनों कि शादी हुई थी। जब तो लड़के के माता-पिता बोले थे कि लड़की राज करेगी। थोड़े दिन तो सही चला उसके बाद परिजनों ने लड़की से लड़ाई झगडे चालू कर दिये थे। लड़की को परेशान करते थे। ओर दहेज के लिए भी बोलते थे। जब कि हमारे द्वारा बहुत दहेज दिया गया था। लड़का बोलता है दुसरी लड़की पसंद है। हम लोगों ने बोला जब पसंद नहीं थी। तो फिर शादी क्यों की हमारी लड़की कि जिन्दगी खराब कर दी। लड़के कि मां ने दो माह पहले बोला था कि ये मंगलसूत्र निकल दो मेरी बहु आयेगी उसको पहनाऊंगी। परिजनों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी गुहार लगाई ओर परिजनों ने उचित कार्रवाई करने ओर घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई।*

---

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, लिया विरोध करने का संकल्प

# नौकरी पर वापस लेने के लिए जनसेवा मित्रों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक वर्ष पूर्व मप्र शासन ने अपनी विभिन्न योजनाओं के प्रचार, क्रियान्वयन इत्यादि को लेकर जिले सहित पूरे प्रदेष की विभिन्न पंचायतों में जनसेवा मित्रों की नियुक्तियां की थीं। ये जनसेवा मित्र लाड़ली बहना योजना, मतदाता जागरुकता सहित आवष्यकता के समय शासन के विभिन्न दायित्वों को निभा रहे थे।

लेकिन, पिछले दिनों इन सभी जनसेवा मित्रों की सेवाएं अचानक समाप्त कर दी गई हैं। शासन के इस निर्णय से आक्रोषित जिले के करीब 180 जनसेवा मित्रों ने मुख्यालय पर प्रदर्षन किया। इन्होंने खिलचीपुर नाके से हाथ में तख्तियां लेकर एक रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए सभी कलेक्टोरेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नीलेष अवस्थी को ज्ञापन सौंपकर स्थाई रोजगार देते हुए पुनः सेवाएं बहाल करने की मांग रखी। ऐसा न करने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी सेवा से हटाए गए इन कर्मचारियों द्वारा दी गई है।



### भाजपा के विपक्ष में काम करने का लिया संकल्प

ज्ञापन उपरान्त सभी जनसेवा मित्रों ने कलेक्टोरेट परिसर में ही सामुहिक रूप से संकल्प भी लिया। जिसमें उन्होंने शासन द्वारा पुनः नौकरी पर न रखे जाने की स्थिति में गांव-गांव में बीजेपी के विरोध में प्रचार करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही वे अपने परिचितों, रिष्तेदारों को भी भाजपा के पक्ष में वोट नहीं डालने देंगे। ज्ञापन सौंपने पहुंचे जनसेवा मित्रों ने बताया कि विस चुनावों के पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान ने घोषणा की थी कि आप जनता की सेवा करें, आपकी चिंता भाजपा सरकार करेगी। इसके भाजपा सरकार आने पर जनसेवा मित्र कार्य करते रहेंगे लेकिन सभी को सेवा से हटा दिया गया।

---

# कालापीपल-कुरावर मार्ग पर ट्रक पिकअप की भिड़ंत में तीन लोग घायल, एक की हालत गंभीर, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

पुलिस थाना अंतर्गत कालापीपल-कुरावर मार्ग पर इमलीखेड़ा जोड़ के पास आज सुबह एक ट्रक व लहसुन से भरी पिकअप वाहन में टक्कर हो गई। घटना में तीन लोग घायल हुए हैं।

आगखेड़ी से लहसुन बेचने के लिए पिकअप में आ रहे दो ग्रामीण इमलीखेड़ा जोड़ पर पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन के मौके पर ही दो टुकड़े हो गए।ट्रक चालक भी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे वाहन सहित उतर गया तथा कांच फोड़ कर ट्रक के वाहन चालक को बाहर निकाला गया। पिकअप में सवार दोनों ग्रामीणों सहित ट्रक चालक को चोट आई है। एक घायल को भोपाल रेफर किया गया है तथा दो को कालापीपल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उपचार दिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



---

**रंगदारी,सड़कों पर अतिक्रमण जैसी समस्याओं को रखा**

# पुलिस के जनसंवाद कार्यक्रम का नगर परिषद में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद सभागार में पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीआई रामकुमार भगत नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुमार कुशवाह सहित आमजन की मौजूदगी में हुआ जनसंवाद में सरकार की मंशानुरूप पुलिस थाना में जनसंवाद का आयोजन एसपी धर्मराज मीणा के निर्देशन में जिले के सभी थानों में जनसंवाद किया गया, नगर परिषद सभाकक्ष में टीआई रामकुमार भगत, सब इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अध्यक्ष पवन कुशवाह, प्रभारी सीएमओ देवनारायण दांगी सहित पार्षद, पत्रकार, व्यापारी एवं आमजन की मौजूदगी में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें लोगों ने सड़क दुर्घटनाएं, अवैध शराब, रंगदारी, सड़कों पर अतिक्रमण जैसी समस्याओं को रखा, टीआई ने कहा कि आप लोगों के सुझावों पर अमल किया जाएगा एवं पुलिस ने भी आमजन से कहा कि आपकी नजर में कोई गैरकानूनी कार्य हो रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, छोटे विवादों का निराकरण आपस में ही निबटा लें, सक्षम लोग एवं व्यापारी वर्ग सीसीटीवी कैमरे लगवांए और किसी अपराध में निर्दोष को ना फंसाए और पुलिस का सहयोग करें, जनमानस को टीआई ने कहा कि निर्दोष को परेशान नहीं किया जाएगा और आरोपियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

वही नगर में तेज गति से वाहन चलाने वाले और बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को बक्सा नहीं जाएगा उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जनसंवाद कार्यक्रम में आपसी लड़ाई झगड़ा के 15 आवेदन आए उन पर आपसी तालमेल से समझौता कराया गया। जगदीश पटवारी, अधिवक्ता धर्मेंद्र तिवारी, आराधना शर्मा, कमल झावा, बलवीर जयसवाल,पुलिस स्टाप सहित आमजन मौजूद रहे।

---

## सोहागपुर क्षेत्र में था मृतक का मकान

# राजगढ़ निवासी होमगार्ड सैनिक ने शहडोल में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ ब्लॉक के गोरखपुरा गांव निवासी एक युवक ने शहडोल में फांसी लगाकर अपनी इहलील समाप्त कर ली। मृतक युवक शहडोल में होमगार्ड सैनिक की आपदा प्रबंधन इकाई में पदस्थ था। रविवार शाम संदिग्ध स्थिति में उसका शव फांसी पर लटका हुआ मिला। शहडोल पुलिस मामले की जांच में लगी है।



जानकारी के अनुसार गोरखपुरा निवासी 22 वर्षीय अजय तोमर शहडोल जिले में होमगार्ड की एसडीईआरएफ ईकाई में पदस्थ था। रविवार शाम रूटीन गणना के बाद वो अपने मकान पर चला गया। इसके बाद मकान मालिक द्वारा देखे जाने पर उसका शव फांसी पर लटका हुआ पाया गया। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पांडे ने बताया कि सूचना के बाद होमगार्ड डिस्ट्रिक कमांडेंट को भी सूचित किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक अजय की पत्नी ने भी रात्रि में अजय को फोन किया था लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की थी। पुलिस ने शव के पंचनामे उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए मेडीकल कॉलेज भिजवाया। सोहागपुर पुलिस आत्महत्या के कारणों की विवेचना में लगी है।

---

# मेघवाल प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री टेटवाल को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विकासखंड सारंगपुर अंतर्गत आने वाले गांव लीमा चौहान में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में आए स्वतंत्र राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को मेघवाल समाज द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें समाज के जाति प्रमाण पत्र में आ रही बाधा को दूर करने एवं राजस्व खाता खतौनी में मेघवाल जाति अंकित करने के संबंध में एक ज्ञापन सोपा गया ।

समाज के द्वारा आग्रह किया गया वर्ष 2019 में मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेशित किया गया की समस्त मध्य प्रदेश में मेघवाल समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए परंतु 1950 के रिकॉर्ड के तहत राजस्व खाता खतौनी में चमार जाति इंद्राज होने के कारण प्रमाण पत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा उक्त बधा को खत्म करने के लिए राज्य मंत्री को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सोपा गया समाज द्वारा मांग की गई थी उक्त समस्या का समाधान कर समाज को एक सामाजिक सम्मान प्रदान कर जाति प्रमाण पत्र एवं समस्त मध्य प्रदेश में राजस्व रिकॉर्ड में मेघवाल समाज इंद्राज कर समाज को सामाजिक सम्मान प्रदान करने का आग्रह मध्य प्रदेश शासन से किया गया । इस अवसर पर विशेष रूप से प्रतिनिधि मंडल के रूप में डॉक्टर बालू सिंह वर्मा कूपा जगदीश वर्मा रामचंद्र जलालीया बद्री लाल बामनिया फूल सिंह वर्मा रोड़ीलाल वर्मा रामगोपाल वर्मा रामप्रसाद चिलावाद शिवनारायण वर्मा रामकरण मेघवाल आत्माराम वर्मा आदि समाज के अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित होकर ज्ञापन दिया गया।



---

# नव कार्यकर्ताओं को बताई विहिप की विचारधारा और उद्देश्य



राजगढ़। स्थानीय केके मेमोरियल स्कूल में नवीन कार्यकत्तार परिचय वर्ग आआयोजन किया गया। वर्ग में राजगढ़ प्रखंड के 60 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिन्हें जिला मंत्री आषीष मेवाड़े द्वारा विष्व हिन्दू परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। वर्ग में विहिप जिलाध्यक्ष तेतेंद्र उपाध्याय ने बताया संगठन के द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों, देषहित हित किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संगठन के लिए लंबे प्रयासों के बाद आज अयोध्या में श्रीरामलाल पुनः अपने घर में प्रतिष्ठापित हो पाए हैं। सभी कार्यकर्ताओं को समाज के मध्य पहुंचकर विहिप संगठन के विचारों, उद्धेष्यों से अवगत कराना चाहिए। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष बृजकिषोर अनंत, प्रखण्ड अध्यक्ष उमेष शर्मा, मंत्री हरीष सेन, चेतराम गुर्जर, मयंक जायसवाल, संतोष राणा, शेलेष भदौरिया, विषाल प्रजापति, संतोष कटारे, राजेंद्र शर्मा, दिव्यांष सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव कार्यालय का सांसद ने किया उद्घाटन



**नरसिंहगढ।** सोमवार को नरसिंहगढ़ विधानसभा में लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ सांसद रोडमल नागर और विधायक मोहन शर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधि विधान से गणेश पूजन कर चुनाव संपर्क अभियान शुरू किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव में जुट जाने की अपील की साथ ही मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने कार्यकर्ताओं को स्वयं प्रत्याशी मानकर चुनाव मैदान में उतरने की बात कही। विधायक मोहन शर्मा ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को पूरे प्रदेश में सर्वाधिक परिश्रम करने वाले कार्यकर्ता बताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में नरसिंहगढ़ विधानसभा से भारी जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल कटरी शिव वेद रमेश मालवीय राजेंद्र उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में में कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

## साधा अडानी-अंबानी पर निशाना, यात्रा के बाद किसानों के साथ किया खाट पर संवाद

# देश में भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है: राहुल गांधी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

हमने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 4 हजार किमी की भारत जोडों यात्रा की जिसको लाखों लोगों का समर्थन मिला पता है क्यूं ? क्योंकि देश में एक धर्म को दूसरे धर्म से लडाया जा रहा है, भाई को भाई से लडाया जा रहा है,एक जात को दूसरी जात से लडाया जा रहा है यह बात भारत जोडों न्याय यात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे राहुल गांधी ने ब्यावरा शहर के पीपल चैराहें पर कहीं।

उन्होंने पीएम पर निशाना साधते हुए बडे बडे औद्यौगिक धरानों को फायदा पहुंचाने एवं किसानों और बेरोजगारों को दरकिनार करने के आरोप लगाए। वहीं राहुंल ने मीडिया पर भी तंज कसते हुए कहा कि मोदी जी बात मीडिया में आती है, अडानी और अंबानी की बात भी आती है परंतु किसानों, मजदूरों,बेरोजगारों और हमारी बात नहीं आ पाती।

ब्यावरा में अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर अभा कांग्रेस के प्रवक्ता मप्र मीडिया प्रभारी चरणसिंह सपरा, मप्र विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे और मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा भी उपस्थित थे।

### 90 प्रतिशत आबादी को किया जा रहा है अनदेखा

राहुल गांधी ने कहा कि आज 22 लोग हैं जिनके पास देश का 50 प्रतिशत धन है। मोदी जी ने 16 लाख करोड रुपए व्यापारियों के माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों का 1 रुपया भी माफ नहीं किया। गांधी ने कहा कि 50 प्रतिशत पिछड़े, 15 प्रतिशत दलित एवं 8 प्रतिशत आदिवासी, अल्पसंख्यक एवम सामान्य गरीब मिलाकर 90 प्रतिशत होते हैं उनकी भागीदारी नगण्य है। किसी बड़ी कंपनी की लिस्ट निकालो जितनी बड़ी कंपनियों की लिस्ट में उनके मालिकों में एक नाम भी इस 90 प्रतिशत वर्ग के लोगों का नहीं है, उनके सीनियर मैनेजमेंट में भी एक नाम नहीं, मीडिया के मालिकों में भी इस 90 प्रतिशत वर्ग का एक भी नाम नहीं, ब्यूरोक्रेसी में देखें तो 90 लोग जो कि आईएएस अधिकारी हैं उसमें से केवल तीन ओबीसी, एक आदिवासी एवं तीन दलित हैं, जब बजट आता है 100 में से 6 रुपए का केवल ये लोग फैसला करते हैं।

### किसानों के साथ किया खाट पर संवाद

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी रोड शो में बाद करनवास के पास शेरपुरा पहुंचे जहां पर उन्होने प्रदेश भर के चुनिंदा किसानों से खाट पर बैठकर संवाद किया। गांधी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना किसानों ने भी खुलकर अपनी बात रखते हुए एमएसपी जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

### आज पहुंचेगे पचोर व सारंगपुर

सोमवार की रात्री शेरपुरा में ही विश्राम कर अगले दिन 5 मार्च को न्याय यात्रा सुबह पचोर होते हुए सारंगपुर की ओर रवाना होगी। पचोर और सारंगपुर में रोड शो करते हुए यात्रा शाजापुर जिले में प्रवेश करेगी।